R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 9 | अजमेर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

### आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन?

लद्दाख सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल.हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिएए लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ीए आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया।

गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफकई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे.बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे 'यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई।

## रामनगरी में 8वां दीपोत्सव

# 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या नगरी के 55 घाट



अयोध्या। उत्तर प्रदेश में रामनगरी अयोध्या में आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्र'ज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके। आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। राम की पैड़ी चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित अन्य सभी घाटों पर दीयों को घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया जाएगा।

इसके अलावा 14 सम्बद्ध महाविद्यालयों 37 इंटरमीडिएट कॉलेजों और 40 स्वयंसेवी संस्थाओं से लगभग 30000 स्वयंसेवक इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। घाटों पर दीयों की संख्या और स्वयंसेवकों का वितरण पहले ही तय कर लिया गया है।अवध विश्वविद्यालय ने घाटों पर प्रज्वलित किए जाने वाले दीयों और तैनात किए जाने वाले स्वयंसेवकों की संख्या का भी विस्तृत आंकड़ा जारी किया है। उदाहरण के लिए राम की पैड़ी के घाट एक पर 65000 दीयों को जलाने के लिए 765 स्वयंसेवक तैनात होंगे जबकि घाट दो पर 38000 दीयों के लिए 447 स्वयंसेवक जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी प्रकार घाट तीन पर 48000 दीयों के लिए 565 स्वयंसेवक और घाट चार पर 61000 दीयों के लिए 718 स्वयंसेवक तैनात होंगे। सभी 55 घाटों पर इसी प्रकार दीयों की संख्या के अनुसार स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न कॉलेजों और संस्थाओं से जुड़े स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करेंगे और घाटों पर दीयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस दीपोत्सव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। घाटों पर दीयों की खेप 24 अक्टूबर से पहुंचनी शुरू हो गई है और 25 अक्टूबर से दीयों को घाटों पर बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

स्वयंसेवकों का आईकार्ड वितरण भी शुरू हो गया हैए जिसमें से 15000 से अधिक आईकार्ड संस्थानों के पदाधिकारियों को वितरित किए जा चुके हैं। शुक्रवार तक सभी संस्थानों को आईकार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे।मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे स्वामी विवेकानंद सभागार में अंतिम प्रशिक्षण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला प्रशासन के साथ विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, समन्वयक, प्राचार्य, तथा घाट प्रभारी उपस्थित रहेंगे।इस बैठक का उद्देश्य दीपोत्सव की अंतिम तैयारियों को सुनिश्चित करना हैए ताकि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव के दिन आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीयों को जलाने का लक्ष्य रखा गया है जो अयोध्या को एक बार फिर से विश्व पटल पर स्थापित करेगा। यह दीपोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि यह अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में इस आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

## ब्यावर-पिंडवाड़ा राजमार्ग पर टायर फटने ने से कार पलटी 5 की मौत

सिरोही। राजस्थान में सिरोही जिले में ब्यावर.पिंडवाड़ा राजमार्ग पर टायर फटने से एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई इससे कार में सवार गुजरात के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार के लोग कार से गुजरात से जोधपुर जा रहे थे। सिरोही जिले में ब्यावर-पिंडवाड़ा मार्ग पर अचानक कार का टायर फट गयाए इससे कार अनियंत्रित होकर कई पलटी खाकर सड़क के दूसरी ओर जा गिरी।इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्रताप भाई, रामूराम, उषा बेन, पुष्पादेवी और एक वर्षीय बालक को मृत घोषित कर दिया।

## रूपनगढ़ बहुचर्चित गोलीबारी केस के दो और आरोपी अरेस्ट

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड के रूपनगढ़ थाना क्षेत्र में बहुचर्चित गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।अजमेर के पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बुधवार को बताया कि रूपनगढ़ में 22 सितम्बर को भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी करके आतंक फैलाने की घटना में लिप्त दो अन्य आरोपियों पप्पू जाट 37 और हेमराज जाट 21को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक 25 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही दो नाबालिगों को भी निरूद्ध किया गया है। राणा ने अन्य आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का भरोसा दिलाते हुए आम लोगों से अनुरोध किया है कि वे अवांछित लोगों का सोशल मीडिया पर महिमामंडन न करें ।

## पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल ने लिया संन्यास



नई दिल्ली। पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। रानी ने कहा कि उनके हॉकी कारियर की यात्रा शानदार रही है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

## प्रियंका वाड्रा ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया


वायनाड। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगामी 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। वाड्रा ने कलेक्ट्रेट में कलेक्टर डीआर मेघश्री के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। वह दोपहर करीब 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी करने में करीब 35 मिनट का समय लगाया।



कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ रहे। बाद में वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ;आईयूएमएल के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी उनके साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे।

# तमसो मा ज्योतिर्गमय : आदर्श दीपावली मनाएं

तमसो मा ज्योतिर्गमय इस श्लोक का अर्थ है हे भगवान! आप मुझे असत्य से सत्य की ओर अंधकार से प्रकाश की ओर ले कर चलें ऐसी प्रार्थना है। प्रत्येक प्राणिमात्र का प्रयास प्रकाश की ओर जाने का होता है। जिस स्थिति में हम हैं उसके आगे के स्थिति में जाने के लिए व प्रगति करने के लिए होता है। अर्थात नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर जाना होता है। जीवन में सकारात्मकता सिखाना और प्रकाश की ओर मार्गक्रमण करना सिखाने वाला त्यौहार अर्थात दीपावली।




**सत्य की विजय का प्रतीकः-** प्रभु श्री रामचंद्र जी 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर के दीपावली के दिन अयोध्या में लौटे थे। प्रभु श्री रामचंद्र जी के आगमन से प्रजा को बहुत आनंद हुआ। उनके स्वागत के लिए संपूर्ण अयोध्या नगरी में घर-घर में घी के दिये जलाकर आनंद व्यक्त किया गया। प्रभु श्रीराम के सत्यस्वरुप होने से कारण उनकी विजय अर्थात सत्य की ही विजय थी। इस विजय के उत्सव के रूप में हम दीपावली को दीपोत्सव व प्रकाशोत्सव के रूप में मनाते हैं।

**सकारात्मकता बढ़ाने वाला त्यौहारः-** दीपावली आने से पहले घरों दुकानों, प्रतिष्ठानों, अपने आसपास का परिसर तथा शहर की स्वच्छता शुरू होती है। जाले हटा कर, रंगाई.पुताई की जाती है। टूटे-फूटे साहित्य की मरम्मत की जाती है। इससे साफसफाई और स्वच्छता के साथ वातावरण की सकारात्मकता बढ़ती है। इसका प्रत्येक जीव के मन बुद्धि पर सकारात्मक परिणाम होता है। मन की नकारात्मकता दूर हो कर हमें आनंद प्राप्त होता है।

**गुण वृद्धि के लिए लक्ष्मी पूजन ः-**लक्ष्मी पूजन अश्विन अमावस्या को सायं काल में करते हैं। रात्रि बारह बजे अलक्ष्मी निःसारण किया जाता है। शास्त्र के अनुसार लक्ष्मी पूजन के कारण पूजा करने वाले को लक्ष्मी तत्व का लाभ होता है। वह लाभ टिकाए रखने के लिए धर्माचरण करना आवश्यक है। अधर्म का साथ देने अथवा कर्तापन निर्माण होने पर हम स्थिर नहीं रह सकते। लक्ष्मी चंचल हैए ऐसे कहा जाता है परंतु सच में लक्ष्मी चंचल है क्या इसका उत्तर नहीं हैं। वह निरंतर भगवान के अनुसंधान स्थिर रहती है। जहां अनुसंधान रहता है वहां धर्माचरण होता है वहां लक्ष्मी विराजमान होती है। ऐश्वर्य सौंदर्य शांति, सत्य, समृद्धि और संपत्ति इनकी अधिष्ठात्री देवी श्री लक्ष्मी कमलासन पर विराजमान होकर समुद्र मंथन से आई हैं। ऐसी लक्ष्मी माता का वर्ष में केवल एक बार पूजन करने से वो प्रसन्न होगी क्या उसे प्रसन्न रखना हो तो कमल जिस प्रकार से कीचड़ से बाहर आता है उसी प्रकार से अपने स्वभाव दोषों के कीचड़ को दूर कर के धर्माचरण करना चाहिए ।इस प्रकार से धर्माचरण करते हुए ईश्वर के अनुसंधान में रममाण होने से श्री लक्ष्मी हृदय कमल पर निश्चित ही विराजमान होगी तथा धन.धान्य के रूप में हमारे पास स्थिर रहेगी। स्वयं में दुर्गुण दूर करने के लिए प्रयत्न करना महत्वपूर्ण हैए यही खरे अर्थ से अलक्ष्मी निःसारण है।

**सांप्रत काल में दिवाली का बदलता स्वरूप ः-**दीपावली समृद्धि की ओर आनंद की ओर प्रकाश की ओर लेकर जाने वाला त्यौहार है। परंतु आज की परिस्थिती को देखते हुए दीपावली अर्थात देवताए महापुरुषों के चित्रों वाले पटाखे फोड़ना, सिनेमा के गानों से युक्त दीपावली की सुबह आंखों को कष्ट देने वाली और घातक चीनी दीपमाला और आकाश दिये की जगमगाहट इन सभी के कारण दीपावली का संपूर्ण स्वरूप बदल गया है।इस से नकारात्मकता बढ़ रही है। जिस लक्ष्मी की घर में पूजा करते हैं उसी के फोटो वाले पटाखे फोड कर हम चिथड़े उड़ा देते हैं। यह योग्य है क्या ऐसे करने से वह प्रसन्न होगी क्या घर में की गई पूजा का कुछ भी परिणाम न हो कर उस से देवताओं का अनादर ही होने वाला है। इस अनादर से होने वाला पाप हमारे कृती से घटित हो रहा हो तो वह पूजा फलित होगी क्याघ् इस प्रकार के अयोग्य कृति के कारण युवा पीढ़ी के सामने हम क्या आदर्श रखेंगेघ् इसका विचार करना चाहिए। स्वदेशी और पारंपरिक सहित्य की अपेक्षा जगमगाहट और पश्चिम की ओर झुकाव बढ़ रहा है। यह परिस्थिती बदलनी चाहिए तभी हमें दिवाली का खरा आनंद मिल सकता है।

**आदर्श दिवाली मनाने का ध्येय लें ः-**देवताए महापुरुषों के पटाखों की बिक्री हो रही हो तो हिंदुओं को एकत्रित आकर इस विषय पर प्रबोधन करना चाहिए। हमारे संपर्क में आने वाले बच्चों और युवाओं का प्रबोधन करना चाहिए। दिवाली के दिन अशास्त्रीय और अश्लील गानों की अपेक्षा भाव भक्ति और देश प्रेम निर्माण करने वाले गानों के लिए आग्रह करना चाहिए। भावी पीढ़ी का कौशल्य विकसित करने के लिए तथा उनमें हिंदू धर्म.राष्ट्र व संस्कृति के विषय में प्रेम और कृतज्ञता भाव निर्माण हो इसलिए रंगोली स्पर्धा परिसर स्वच्छता और सजावट करने जैसी स्पर्धा करनी चाहिए। शरीर और पर्यावरण पर घातक परिणाम करने वाले विदेशी और चीनी उत्पाद न लेते हुए स्वदेशी और हलाल मुक्त उत्पाद लेने का प्रण लेना चाहिए। इस विषय में स्वयं जागृत रहकर कृति कर के अन्यों को भी जागृत करना होगा।ऐसी आदर्श दिवाली ही हमें श्मृत्योर्मा अमृतं गमयश् प्रदान करती है। अर्थात मृत्यु से जीवन की ओर चलना सिखाती है। इससे ही हमारा जीवन अमृत के समान आनंदमयी होता है। आइए हम अपने कुलदेवता का स्मरण करके उनसे प्रार्थना करें! हे भगवान! आप ही हम से इस वर्ष आदर्श दीपावली मनवा लीजिए। हमारी व्यक्तिगत उन्नति के साथ ही राष्ट्र.धर्म की रक्षा व उसकी भी उन्नति के लिए हम से धर्माचरण करवा कर लीजिए यही प्रार्थना है।

## कन्जयूमर केयर अभियान - तीन फैक्ट्रियों पर 25000 रूपए का जुर्माना





अजमेर। दीपावली के त्यौहार पर मिठाई सूखे मेवे बेकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डिब्बा तौलनेए कम माप.तौल एवं पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री न करने इत्यादि कृत्यों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा गुरूवार को पालरा रिको इण्डस्ट्रीयल एरिया पर संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण किए गए। निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी नीरज जैन विधिक माप अधिकारी भावना दयाल एवं प्रवर्तन निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव शामिल रहे।कन्जयूमर केयर अभियान के जांच दल द्वारा फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया गया।

इनमें अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना राशि आरोपित की गई। महालक्ष्मी गजक रेबडी भण्डार पर 7 हजार 500 रूपएए गुरूकुल गृह उद्योग 5 हजार रूपए सतगुरू फूड प्रोडक्ट 12 हजार 500 रूपए का जुर्माना लगाया गया।विधिक माप अधिकारी भावना दयाल ने बताया कि अभियान के चौथे दिन गुरूवार को 3 प्रतिष्ठानों पर 25 हजार रूपए जमा कराने के लिए राशि आरोपित की गई। प्रवर्तन अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि खुदरा व्यापारी खुला सामान नहीं बेंचे। किसी भी खाद्य सामग्री के पैकेट में उसके निर्माण तथा अवसान की तारीख उसकी मात्रा व वजनए उसको बनाने में काम में लिए गए उत्पाद की सूची मूल्य इत्यादि का अंकन होना आवश्यक है।

## रसद विभाग ने जब्त किए 8 एलपीजी सिलेण्डर

अजमेर। रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण व व्यवसाय की सूचना प्राप्त होने पर गुरूवार को जांच दल द्वारा अख्तर हुसैन पुत्र मोहम्मद उमर देहली गेट के बाहर घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरूपयोग पाए जाने पर कुल 8 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। इसमें 4 व्यावसायिक सिलेण्डर और 4 घरेलू गैस सिलेण्डर थे। अख्तर हुसैन घरेलू तथा व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण तथा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर इसकी कालाबाजारी करता है।

प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी नीरज कुमार जैन खान मोहम्मद खान एवं शीला बेनीवाल सम्मिलित रहे।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय ने हॉकी में जीता गोल्ड मैडल



अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित 37वीं अंतर महाविद्यालय हॉकी पुरुष वर्ग खेल प्रतियोगिता में सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया।सेंट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर की ओर से चंद्रवरदाई नगर स्थित हॉकी के खेल मैदान में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के प्रथम मैच में सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर ने और राजकीय महाविद्यालय पलिया कला केकड़ी को 6.0 के अंतर से हराया।इसी तरह सेमीफाइनल में श्री माधव कॉलेज लाडनूं डीडवाना को 7.0 के अंतर से मात दी। रोमांचक फाइनल मैच में राजकीय महाविद्यालय शाहपुर को 4.0 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विजेता टीम सदस्यों के कालेज पहुंचने पर प्राचार्य मनोज बहरवाल ने स्वागत कर बधाई दी।

## ताइक्वांडो में रजत व कांस्य पदक झटके



महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के तत्वावधान में सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर की 37वीं अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो पुरुष एवं महिला वर्ग की खेल प्रतियोगिता दयानंद महाविद्यालय अजमेर में आयोजित हुई। पुरुष वर्ग में लिंकन एलिस ने अंडर 63 में रजत पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त किया तथा राकेश ने भी कांस्य एवं प्रवीण भारती गोस्वामी ने अंडर 73 में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी के साथ महिला वर्ग में प्रियंका ने भी रजत पदक प्राप्त किया।

## अजमेर विकास प्राधिकरण ने सीज किए 39 व्यावसायिक निर्माण




अजमेर। राजस्थान में अजमेर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को ऐतिहासिक आनासागर की नई चौपाटी के आगे बनाए गए 39 व्यावसायिक निर्माणों को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राधिकरण उपायुक्त भरत गुर्जर की अगुवाई में भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच एडीए दस्ते ने वैशाली नगर में सेवन वंडर्स की लाईन में बनाए गए रेस्टोरेंट, शोरूम, शराब की दुकानों, होटलों आदि को उनके नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर सीज कर दिया। आनासागर डूब क्षेत्र में बने इन निर्माण पर फिलहाल प्राधिकरण तोड़ने की कार्रवाई नहीं करेगा। इनमें कुछ लोगों के पास उच्च न्यायालय का स्थाई निषेधाज्ञा है। उपायुक्त भरत गुर्जर ने बताया कि फ़िलहाल किसी निर्माण को जमींदोज नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण एनजीटी ने आनासागर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं लेकिन सरकारी निर्माण सेवन वंडर्स पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी को आधार बनाकर आज की कार्रवाई का विरोध हुआ।

## नगर निगम अजमेर की कार्रवाई

## होटल व एक निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन सीज

अजमेर। राजस्थान में अजमेर नगर निगम ने बुधवार को एक होटल एवं एक निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन को सीज कर दिया। नगर निगम की ओर से प्रभारी अधिकारी डॉ. रवीश कुमार की अगुवाई में भारी पुलिस बल एवं निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने दरगाह के नजदीक पीरमिट्ठा गली में होटल ब्ल्यूमून को सीज किया। होटल मालिक मोहम्मद हुसैन निर्माण के दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों ने होटल को खाली कराके उसे सीज कर दिया।

दूसरी कार्रवाई पन्नीग्राम चौक में अन्जुमन कार्यालय के सामने की गई जहां आवासीय भवन पर व्यावसायिक निर्माण कर लिया गया। निगम अभियंता धर्मेंद्र आनंद द्वारा व्यावसायिक निर्माण की स्वीकृति के दस्तावेज मांगने पर मालिक की ओर से किसी तरह की स्वीकृति उपलब्ध नहीं कराई गई फ्लस्वरूप निर्माणाधीन भवन को सीज कर दिया गया।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारेगी कांग्रेस



नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारने निर्णय लिया है और कहां है कि भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए वह इंडिया समूह की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगी।कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में किसी भी सीट पर उम्मीदवार खड़ा नहीं करने का निर्णय लिया है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं लेकिन आज का समय अपने संगठन या पार्टी को बचाने का नहीं है ये समय संविधान और भाईचारे की रक्षा करने का है। इसके मद्देनजर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने फैसला लिया है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी चुनाव मैदान में अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। हम इंडिया समूह के उम्मीदवारों की विजय के लिए प्रयासरत रहेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के नेतृत्व में सभी 10 विधानसभाओं में संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। अगर आज भाजपा को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में संविधानए भाई.चाराए आपसी सौहार्द कमजोर हो जाएगा। यूपी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि इन चुनावों में भाजपा को कड़ी शिकस्त देनी हैए ताकि आने वाले 2027 के चुनावों में सकारात्मक प्रभाव हो।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया समूह के सभी उम्मीदवारों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सहयोग मिलेगा और उनकी जीत सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

# सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद पर कसा कानूनी शिकंजा

## मोदी की बोटी-बोटी किए जाने वाला दिया था बयान



सहारनपुर। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में विवादित बयानबाजी के मामले में सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। सरकारी वकील गुलाब सिंह ने बुधवार को बताया कि सहारनपुर की एमपी.एमएलए कोर्ट कक्ष संख्या.12 के विशेष न्यायाधीश मोहित शर्मा की अदालत में बृहस्पतिवार को गवाहों के बयान होंगे। मंगलवार को कोर्ट ने इमरान मसूद के खिलाफ आरोप तय किए थे।27 मार्च 2014 को लोकसभा चुनाव में सहारनपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार इमरान मसूद के खिलाफ देवबंद कोतवाली में तत्कालीन पुलिस निरीक्षक ने मुकदमा दर्ज कराया था। इमरान मसूद पर आरोप था कि उन्होंने तब प्रधानमंत्री पद के दावेदान नरेंद्र मोदी की बोटी.बोटी किए जाने संबंधित बयान देवबंद क्षेत्र के गांव लबकरी की एक सभा में दिए थे। उनके बयान के वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद हंगामा हो गया था।मसूद ने तत्कालीन सहारनपुर देहात की सामान्य सीट से बसपा विधायक जगपाल सिंह के खिलाफ भी आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम बहुल जिले में सामान्य सीट से भी अनुसूचित जाति का विधायक है।गुलाब सिंह ने बताया कि इमरान मसूद के खिलाफ 153, 295,504, 506ए 125 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और एससएसटी एक्ट ;10 धारा) लगी हैं। इन धाराओं में 3 से 7 साल तक की सजा का प्रावधान है। मुकदमें की सुनवाई और फैसले में एक साल का समय लग सकता है।

# एएसआई और दलाल 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जयपुर के खोह नागोरियान थाने में पदस्थ सहायक पुलिस उपनिरीक्षक और उसके दलाल को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बुधवार को बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की जयपुर में ब्यूरो की तृतीय इकाई में शिकायत की कि उसके एवं उसके भाई के विरुद्ध दर्ज मामले में कार्रवाई नहीं करने और आरोपी नहीं बनाने की एवज में जांच अधिकारी सहायक पुलिस उप निरीक्षक बलवीर सिंह अपने दलाल केशव सिंह के जरिए एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि इस पर शिकायत के सत्यापन के बाद ब्यूरो की जयपुर तृतीय इकाई में पुलिस उपाधीक्षक सुरेश स्वामी ने ब्यूरो के दल के साथ जाल बिछाकर दलाल को परिवादी से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद बलवीर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बलवीर सिंह के थाना परिसर में स्थित सरकारी क्वार्टर की तलाशी में एक लाख 82 हजार रुपए की संदिग्ध राशि भी बरामद की गई। जिसका वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया।

## जल संसाधन विभाग का वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते अरेस्ट

हनुमानगढ।. राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने हनुमानगढ़ में जल संसाधन विभाग में वरिष्ठ सहायक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बुधवार को बताया कि परिवादी ने ब्यूरो की हनुमानगढ़ इकाई में शिकायत की कि उसके खेत के रास्ते की खाला पर बनी पुलिया सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत कराने की एवज में सहायक अभियंता कार्यालयए घग्घर उपखंडए जल संसाधन विभाग हनुमानगढ़ में वरिष्ठ सहायक सतपाल 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि ब्यूरो की हनुमानगढ़ इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में शिकायत के सत्यापन के बाद आज ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने सतपाल को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

# रामगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया



अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस अवसर पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा तिजारा के विधायक बालकनाथ सहित पार्टी कई नेता मौजूद थे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि उपचुनावों के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास कार्य को गति प्रदान करेंगे। राज्य सरकार ने विकास कार्य गांव से लेकर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार में रामगढ़ में जल जीवन मिशन के कार्यों में घोटाले किए गए। सड़क नहीं बनाई गईं। कानून.व्यवस्था किस तरह से लचर थीए यह सबके सामने है।यादव ने कहा कि जब वह लोकसभा का चुनाव लड़े तो रामगढ़ में विकास कार्य को गति देने के लिए बात कही गयी थी। उसी के तहत रामगढ़ और गोविंदगढ़ में लंबी दूरी की ट्रेन रूकवाई गई। अब प्राथमिकता ई.डिजिटल लाइब्रेरी को लेकर है।

उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी तरीके से एकजुट है जिस तरीके से ज्ञान देव आहूजा ने शांतिए सुरक्षा विश्वास और विकास के लिए काम किया इस तरह यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुखवंत सिंह कामकरेंगे।इस अवसर पर संजय वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि रामगढ़ की जनता सुशासन और विकास चाहती है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने जितनी भी विकास योजनायें बनाई है उन्हें पूरी तरह लागू किया जाएगा। जय आहूजा सुखवंत सिंह के सारथी बनकर काम करेंगे और यहां बिना भेदभाव के विकास कार्य किए गए हैं।

विपक्ष कितना भी झूठा प्रचार कर लेए लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 10 महीने के कार्यकाल में बिना भेदभाव के भाजपा या कांग्रेस सहित सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्र में विकास के कार्य कराए हैं।

# कांग्रेस की ओर से आर्यन खान ने रामगढ़ से नामांकन पत्र दाखिल किया



अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ में हो रहे विधानसभा के उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन खान ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कांग्रेस के विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली, मुंडावर विधायक ललित यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के चेहरे पर घबराहट झलक रही है क्योंकि इन्होंने 10 महीने में कोई कार्य नहीं किया। जनता को बेवकूफ बनाया है। राज्य सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। ये बड़े.बड़े चेहरे ला रहे हैं। सरकार के मंत्री यही हैं और मुख्यमंत्री भी आने वाले हैं। उनके चेहरे पर घबराहट है।

उन्होंने कहा कि जुबेर खान का रामगढ़ से परिवार का रिश्ता था इसलिए वह जनमानस में छाये हुए थे। यह पहले तय था कि टिकट किसको मिलेगा लेकिन जनता हमारे साथ है और हम जनता के दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। सिंह ने कहा कि जुबेर खान ने विधायक रहते हुए यहां इतने विकास कार्य कराए हैं कि जनता उनके कामों को याद करती है। जूली ने कहा कि यह भाजपा की सरकार पूरी तरह से विफल है। यह पर्ची की सरकार है। उन्होंने कोई काम नहीं किया और विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम कांग्रेस के पक्ष में होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के मंत्रियों की नहीं चल रही है।विधायक यह कहते हैं कि हम जनसुनवाई कहां करें और कैसे करें। आज मुख्यमंत्री आ रहे हैं। इससे पहले 10 महीने पहले जब पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी की मंजूरी मिली थी तो यहां पर आये थेए लेकिन क्या हुआ। कितना विकास कार्य हुआ। कितनी योजनाओं की घोषणा की गई।जूली ने कहा कि यहां भय पैदा करके चुनाव लड़ना चाहते हैं। यहां पर विकास के नाम पर वोट मांगें। उम्मीदवार के नाम पर वोट मांगे। ईआरसीपी की योजना कब तक यहां आएगी कोई पता नहीं है। सरकार पूरी तरीके से विफल हुई है।

# Solidus Techno Power Completes

1MWp Rooftop Solar Plant at I.T. Park, Chandigarh Solidus Techno Power Pvt. Ltd. is proud to announce the successful completion of the 1MWp



Grid-Connected Rooftop Solar Photovoltaic (SPV) Power Plant project nestled in the parking area near DT Mall, I.T. Park, and just a short stroll from The LaLit, Chandigarh. This ambitious project was awarded by the Chandigarh Renewable Energy and Science & Technology Promotion Society (CREST) under its mandate to promote sustainable energy initiatives. 1MWp Rooftop Solar Power Plant project at the parking area near DT Mall, I.T. Park, Chandigarh As a turnkey project, Solidus Techno Power was responsible for the design, manufacturing, supply, erection, testing, and commissioning of the state-of-the-art SPV power plant. Uniquely, the project was executed in a curved-shaped parking area, presenting unique design and engineering challenges that were successfully addressed by the company's expert team. The installation also includes a comprehensive 10-year warranty along with operation and maintenance services, ensuring long-term efficiency and reliability of the power plant, contributing to the overall sustainability of the city's energy grid.


**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID


sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

दीपोत्सव की हार्दिक मंगलकामनाएं













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)